MOTION FOR EXTENSION OF TIME FOR PRESENTATION OF THE REPORT OF THE JOINT COMMITTEE OF HOUSES ON THE CENTRAL AND OTHER SOCIETIES (REGULATION) BILL, 1974

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : सभापति, जी, मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

"केन्द्रीय तथा अन्य समितियां (विनियमन) विधेयक, 1974 सम्बन्धी सभाओं की संयुक्त समिति के प्रतिवेदन को उपस्थित करने के लिए नियत समय को राज्य सभा के सत्तानवेवें सत्र के अन्तिम दिवस तक और बढ़ा दिया जाए ।"

The question was put and the motion was adopted.

LEAVE OF ABSENCE TO SHRI SUNDAR SINGH BHANDARI

MR. CHAIRMAN : I have to inform Members that a letter dated 11th May, 1976, has been received from Shri Sundar Singh Bhandari to the effect that leave of absence from attending the 96th Session of the House may be granted to him on account of his detention.

Is it the pleasure of the House that permission be granted to Shri Sundar Singh Bhandari for remaining absent from all meetings of the House during the 96th Session of the Rajya Sabha?

(No, Hon. Member dissented.)

MR. CHAIRMAN : Permission to remain absent is granted.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : मैं थोड़ी सी जानकारी लेना चाहता हूं । कल आप नहीं थे जब मैंने यह बात उठाई थी कि जो सदस्य शपथ नहीं ले सके क्योंकि जेल में हैं, यदि आप उचित समझें, उपसभापति, या जिनको भी उपसभाध्यक्ष की तालिका में आपने रखा है वह पांच मिनट के लिये चला जाए ताकि सदस्य बकायदा शपथ ले लें । ऐसा न होने का परिणाम यह हो रहा है कि हमारे यहां के श्री एल० के० अडवाणी जो हैं उनके घर का टेलीफोन कट चुका है और सी० जी० एच० एस० की जो सुविधाएं उनको मिली हुई थी वह भी वापस ले ली गई हैं क्योंकि वह शपथ नहीं ले सके हैं । अगर इसमें कोई कानूनी दिक्कत नहीं है तो मैं समझता हूं इस विषय पर अवश्य विचार करें ।

MR. CHAIRMAN : There appears to be a precedent in such a case where we have given leave to remain absent. But what you have suggested will be looked into.

MESSAGE FROM THE LOK SABHA

The Finance Bill, 1976

SECRETARY-GENERAL : Sir, I have to report to the House the following message received from the Lok Sabha signed by the Secretary-General of the Lok Sabha: "In accordance with the provisions of Rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose herewith the Finance Bill, 1976, as passed by Lok Sabha at its sitting held on the 17th May, 1976.

The Speaker has certified that this Bill is a Money Bill within the meaning of article 110 of the Constitution of India."

Sir, I lay the Bill on the Table.

MR. CHAIRMAN : Now, the Appropriation (No. 4) Bill 1976. Mr. Nathi Singh.

THE APPROPRIATION (NO. 4) BILL, 1976 .—*contd.*

श्री नत्थी सिंह (राजस्थान) : सभापति जी, कल इस बिल का समर्थन करते हुए मैं निवेदन कर रहा था कि जहां हमारे बजट में कुछ सुख और सुविधाओं की चीजों में, चाहे रैफरीजिरेटर हो, या दूसरी सुविधाएं हों उनमें टैक्स की सीलिंग कम की गई है वहां हमें किसानों को भी सुविधाएं देनी चाहिएं । कल हमारे एक सदस्य बोल रहे थे कि कृषि के क्षेत्र में ट्रैक्टर आदि की सुविधाएं पूरी तरह से किसानों को नहीं मिल रही हैं । किसान की जो फसल है उस की बीमा योजना का कोई प्रबन्ध नहीं

[श्री नत्थी सिंह]

है । उसकी फसल सुरक्षित नहीं है । उसकी फसल को कभी आग से, कभी-कभी बरसात से, कभी बाढ़ से नुकसान होता रहता है । हमारा कहना है कि अगर बीमा योजना लागू कर दी जाए तो किसानों की फसल सुरक्षित रह सकती है । तभी हम कहेंगे कि हम इतना पैदा करें कि हमारे देश में सुरक्षित अन्न का भंडार हो और उसे हम बाहर भी भेज सकें ।

दूसरी एक और बात की ओर मैं वित्त मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । कृषि अनुसंधान परिषद् के ऊपर भी आप व्यय कर रहे हैं, ऐसा बजट में कहा है । बड़ी अच्छी खोज हुई है और कृषि के क्षेत्र में इससे बहुत बड़ा फायदा मिला है इसमें कोई दो राय नहीं हैं । इसके साथ ही मैं यह कहना चाहता हूं कि हम कितने बेखबर हैं कि हमने किसानों को कितना कमजोर और असंगठित मान लिया है कि हम उनकी छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं देते । आपने अभी शंकर बाजरा 3 और 4 निकाला और किसानों को बांटा । हुआ यह कि जिन किसानों को आपने यह बीज बांटा उनकी सारी फसल नष्ट हो गई, जहरीली हो गई । उस बीज से कुछ भी पैदा नही हुआ ।

[Mr. Deputy Chairman in th? Chair]

सरकार से जब यह कहा जाता है कि जो बीज आपने दिये हैं या आपकी एजेंसियों में दिये हैं उनसे नुकसान क्यों हुआ, कुछ भी पैदा क्यों नहीं हुआ तो उनसे कोई जवाब नही बनता । हमारा कहना है कि जिन निगमों ने या कारपोरेशन्स पर बीज दिये हैं उनसे इसकी क्षति-पूर्ति किसानों को मिलनी चाहिये । इस तरह का आपको प्रावधान रखना चाहिये । मेरा निवेदन है कि जहां हमारी प्रधान मंत्री ने 20 सूत्री कार्यक्रम में सबसे पीड़ित, सबसे शोषित और गिरे हुए वर्ग को ऊपर उठाने की बात कही है वहां इन बातों को भी अपने कार्यक्रम में लेना चाहिये । हम शहर में रहने वालों की तरफ तो ध्यान देते हैं लेकिन किसानों की तरफ बिल्कुल ध्यान नहीं देते हैं और वे बेचारे धूप और सर्दी में मेहनत करके भी बुरी तरह से बरबाद हो जाते हैं । उनके लिये न्यूनतम सुरक्षा के प्रबंध करने में हम लापरवाही बरतें यह चीज ठीक नहीं है । हम अपने समाजवाद के ध्येय की ओर तभी निष्ठावान माने जाएंगे जब इस ओर पूरी तरह से ध्यान दिया जाएगा ।

उपसभापति जी, कल चौधरी रणबीर सिंह जी कह रहे थे कि किसान की पैदावार का सही मूल्य उसे मिलना चाहिये । यहां पर बैठे हुए बुजुर्ग नेता कल धीरे-धीरे कह रहे थे कि अगर उनका क्षेत्र, जहां से वह चुनकर आते हैं, ग्रामीण क्षेत्र है तब तो वह बात करेंगे कि गेहूं के दाम अच्छे दो, दाम ऊंचे करो । अगर वह शहर से आता है तो कहेगा कि गेहूं के दाम गिराओ । हम स्वयं अपने विश्वासके प्रति सही नहीं हैं ।

मैं समझता हूं कि यह मानना ठीक नहीं है कि अगर किसानों को ज्यादा मूल्य दिये जाएंगे तो उससे उपभोक्ता को मंहगाई का शिकार होना पड़ेगा । मैं चाहता हूं कि भारत सरकार को ऐसी दाम नीति तय करनी चाहिये जिसके अन्तर्गत कल कारखानों में जो चीजें बनती हैं, उनकी जो लागत आती है उसको ध्यान में रखते हुए चीजों का मूल्य तय किया जाय और उसी प्रकार से खेतों में जो चीजें पैदा होती हैं उनकी लागत को ध्यान में रखकर उनका मूल्य निश्चित किया जाये और इन दोनों के मूल्यों में आपस में कोई संबंध होना चाहिए । इस प्रकार की नीति अगर अपनाई जाएगी तो इससे उपभोक्ता को मंहगाई का शिकार होने से बचाया जा सकता है ।

दूसरी बात मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार ने किसानों से 105) रु०

प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं खरीदा और यह भी सही है कि जौ के मूल्य जब बाजार में 14 रु० तक नीचे आ गये थे, तो सरकार ने उसका मूल्य 65 रु० प्रति क्विंटल निश्चित किया लेकिन इस बारे में स्थिति यह है कि किसानों से जौ खरीदा नहीं जा रहा है। एक तरफ तो यह डिसीजन लिया जाता है कि किसानों को राहत दी जाएगी, लेकिन दूसरी तरफ किसान अपने खेत में जो चीजें पैदा करता है उसको खरीदा नहीं जाता है। इसलिए मेरा निवेदन है कि किसान अपने खेत में जो भी चीजें पैदा करता है उसको खरीदा जाना चाहिए। गांवों के अन्दर यह स्थिति भी देखने में आई है कि एफ० सी० आई० के लोग कई बार किसानों से किसी अनाज को नहीं खरीदते हैं और उसी अनाज को व्यापारी से खरीद लेते हैं। इस प्रकार की नीति से किसानों को नुकसान पहुंचता है। इसलिए आज जरूरत इस बात की है कि किसान है उनको खेत में जो वस्तुएं पैदा करता उनको सरकार द्वारा खरीदा जाना चाहिए।

एक अन्य बात मुझे गोदामों के संबंध कहनी है। आज सरकार की तरफ से यह कहा जाता है कि देश के अन्दर गोदामों की कमी है। लेकिन मैं सरकार का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि गांवों के अन्दर सहकारी संस्थाओं के काफी गोदाम हैं। सरकार इन गोदामों में अपना अनाज का भंडार जमा कर सकती है और इन गोदामों को किराये पर अपने पास रख सकती है। मैं समझता हूं कि इस प्रकार से अगर कदम उठाये जाएंगे तो इससे किसानों को भी फायदा होगा।

इसके साथ-साथ मैं सरकार का इस बात की ओर भी ध्यान दिलाना चाहता हूं कि राज्यों के अन्दर जल के वितरण की भी एक बहुत बड़ी समस्या हमारे सामने है। राजस्थान की तरफ से बार-बार इस बात की मांग की जाती है कि गंगा और यमुना के पानी का कुछ हिस्सा उसको भी मिलना चाहिए। यमुना का जो पानी है उसका 22 परसेंट हिस्सा राजस्थान का माना गया है, लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार कहती है कि गंगा बेसिन में पानी है ही नहीं। एक तरफ तो यह बात कही जाती है और दूसरी तरफ बहुत-सा पानी बाढ़ में बह जाता है और समुद्र में चला जाता है। इसलिए मेरी यह राय है और जैसा कई अन्य माननीय सदस्यों ने जल को एक राष्ट्रीय सम्पत्ति माने जाने की बात कही है, उस पर सरकार को गम्भीरता से विचार करना चाहिए। मैं चाहता हूं कि जल के वितरण को केन्द्रीय सरकार अपने हाथ में ले। आप जानते हैं कि राजस्थान नहर का कार्य एक काफी लम्बे अर्से से चल रहा है। मैं समझता हूं कि राज्य सरकार द्वारा इस कार्य को चलाया जाना ठीक नहीं है। इस योजना को एक राष्ट्रीय प्रोजेक्ट के रूप में भारत सरकार को अपने हाथ में लेना चाहिए ताकि जल्दी से जल्दी राजस्थान के रेगिस्तान को नख-लिस्तान के रूप में बदला जा सके।

जहां तक प्रधान मंत्री जी के 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम का सवाल है, मैं समझता हूं कि यह एक बहुत ही क्रान्तिकारी कदम उठाया गया है। ग्रामीणों की ऋण मुक्ति के लिए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जो कदम उठाये गये हैं और बंधुआ मजदूरी प्रथा को खत्म करने के लिए जो पग उठाये गये हैं वे सब प्रशंसनीय हैं। लेकिन इस सिल-सिले में मैं यह बतलाना चाहता हूं कि ग्रामीणों की ऋण मुक्ति के लिए एक या दो वर्ष के लिए कर्जा वसूली स्थगित जरूर कर दी गई है, लेकिन क्रेडिट प्राप्त करने के लिए कोई आलटरनेटिव इंतजाम नहीं किया गया है। गांवों के अन्दर ग्रामीणों को ऋण मिलने में बड़ी कठिनाई हो रही है। सहकारी संस्थाओं द्वारा या ग्रामीण बैंकों द्वारा उनको ऋण देने की बात कही गई है। रिजर्व बैंक ने सहकारी संस्थाओं को इस

[श्री नत्थी सिंह]

बात की छूट दे दी है कि वे गहने, जेवर और सोना, चांदी लेकर ग्रामीणों को ऋण दे सकते हैं। लेकिन मैं वित्त मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि गांवों के अन्दर कितने लोग ऐसे होते हैं, जिनके पास सोने-चांदी के जेवर होते हैं ? इसलिए सोचना यह है कि हमको आल्टर-नेटिव क्रेडिट की व्यवस्था कैसे करनी पड़ेगी और इसके रिजर्व बैंक को भी अपनी नीति बदलनी पड़ेगी। इस बारे में जो आप कर रहे हैं, इस बारे में जो आप जूझे हुए हैं, एक कमेटी बैठाई है रिजर्व बैंक में और सहकारी बैंकों में जो दीर्घ और अल्पकालीन ऋण देते है उनको एक कर दो। आपने रिजर्व बैंक को एग्रिकलचरल क्रेडिट दे दिया, वे किसानों को ऋण देने की बात करते थे, उन्होंने दूसरा खोल दिया ए० आर० सी०। वे मल्टी परपज एजेंसी में विश्वास करते हैं। अगर आप राष्ट्रीयकृत 14 बैंकों को एक ही एग्रिकलचर बैंक बना देते तो मैं समझता सही दिशा में जा रहे हैं। एक तरफ आप मल्टी परपज एजेंसी में विश्वास करते हैं, दूसरी तरफ जो बैंक ठीक काम कर रहे हैं, जिन्होंने लांग टर्म में काफी ऋण दे दिया—एक अच्छी व्यवस्था—थी उनके काम में व्यवधान पड़-जाएगा। हमें सोचना यह चाहिए कि उप-भोग के लिए हम ऋण दें किसान को। मजदूर को खाने के लिए जरूरत है। उसके लिए रिजर्व बैंक की नीति बदलें। गांव के उस गरीब को जिसको 20-सूत्री कार्य-क्रम के अन्तर्गत इन्दिरा जी ने आशा दी है, विश्वास दिया है, एक तरह से संरक्षण दिया है, आज उसको कर्जा नहीं मिल रहा है। तो नीति में निश्चित रूप से प्रावधान होना चाहिए कि ग्रामीण बैंक और नेशनलाइज्ड बैंक का उपयोग किया जाए जो गरीब ग्रामीण के उपयोग के लिए, रोजमर्रा की जरूरत के लिए, उसके बच्चे की शिक्षा के लिए ऋण दें। इस संबंध में मैं एक बात की ओर और ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। हमारे राजस्थान में, बल्कि सारे हिन्दुस्तान में ही लोगों को जमीनें दी गई इस बात के लिए कि वे अपने मकान बनाएं। जिनके पास जमीनें नहीं थी उनका बड़ा कल्याण हुआ है। लेकिन जो थोड़ी देर के लिए यह आशा भी जगी कि ग्रामीण भवन निर्माण सहायक समितियों से कर्जा मिलेगा, पक्के मकान बनेंगे, उसके बाद कुछ को तो वह मिला, लेकिन फिर एक दम ब्रेक लग गया। कहा गया कि एल० आई० सी० के पास पैसे नहीं हैं। तो उसके लिए प्रायरिटी देकर पैसा देना पड़ेगा। एक तरफ बड़े-बड़े भवन देश में बनते हैं और दूसरी तरफ जो एक गामीण की न्यूनतम आवश्यकता है वह नही दें, जब कि इसके लिए हमने 20-सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत जमीनें देने की व्यवस्था की है, तो मकान बनाने के लिए पैसे का प्रबंध हमें करना ही चाहिए और उनको कर्जा भी मिल जाए जो कि बहुत से केसेज में नहीं मिला है।

Time bell rings

मैं शार्ट में अपनी बातें कह रहा हूं। कल जब मेरे बोलने का टर्न आया था कल समय शार्ट नहीं था, इसलिए आज थोड़े में ही कह रहा हूं।

श्री उपसभापति : आप 15 मिनट का समय ले चुके हैं।

श्री नत्थी सिंह : दूसरी बात मैं इस संबंध में कहना चाहता हूं कि छोटे लोग गरीब लोग ही गांव में रहते हैं। शहर में भी रहते हैं, लेकिन शहर के लिए जब हम नीति तय करते हैं गंदी बस्तियों या कच्ची बस्तियों के उत्थान के लिए प्रायरिटी नहीं देते हैं। मुझे मालूम है उपसभापति महोदय, चूंकि मैं एक ऐसे कस्बे से आता हूं, जहां ड्रेनेज की बड़ी समस्या है, हमने उसको सुलझाने की कोशिश की तो जो कहा गया यह तो डेवलपमेंट का काम नहीं है;

इसलिए ड्रेनेज के लिए एल० आई० सी० से पैसा नहीं मिलेगा, कहीं से भी नहीं मिलेगा। मैंने सुना, महाराष्ट्र में दिया गया है। ड्रेनेज के अभाव में मलेरिया और दूसरी बीमारियां फैल रही हैं। ड्रेनेज की व्यवस्था बस्ती को साफ बनाने के लिए करनी ही पड़ेगी।

एक बात जो बार-बार सदन में भी उठायी जाती है वह है हमारी नदियों को साफ रखा जाए, गंदगी नहीं होनी चाहिए, उसके लिए राष्ट्रीय अभियान बनाना चाहिए।

इसके साथ-साथ मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अपने देश में जहां इन सब बातों को कर रहे हैं, वहां आज बहस हो रही है कि न्याय सस्ता और सुलभ होना चाहिए। हम जो राजस्थान से आते हैं एक अरसे से इस बात को उठाए चले जाते हैं कि हमारे यहां जयपुर में हाई कोर्ट की बैंच होनी चाहिए। इसलिए मैं इस बात को फिर उठाना चाहता हूं और माननीय वित्त मंत्री जी से आग्रह पूर्वक कहना चाहता हूं कि आप मेरी बात को कानून मंत्री तक पहुंचाएं। जब राजस्थान बना, सन् 1958 तक हमारे यहां जयपुर में हाई कोर्ट की बैंच काम करती थी, उसको एक दम हटा कर जोधपुर लाया गया। आज दिल्ली से कलकत्ता तक जाने में जो समय लगता है उससे ज्यादा धोलपुर से जोधपुर जाने में समय लगता है। इसलिए न्याय सस्ता और सुलभ देना चाहते हैं तो जैसे देश के अनेक प्रदेशों में बैन्चेज हैं, यू० पी० में हैं, केरल में हैं, तो हमारे यहां क्यों न हों? हमारे यहां के बैन्च को एक तरीके से गैर-कानूनी ढंग से तोड़ा गया है, इसको करने का अधिकार नहीं था। इसलिए मेरा निवेदन है कि राजस्थान की इस बात को निश्चित रूप से सुना जाना चाहिए और जयपुर में हाई कोर्ट की बैंच की शीघ्र स्थापना की जानी चाहिए।

एक बात और मैं कहना चाहता हूं। वह यह है 20-सूत्री कार्यक्रम के लिए हम कमेटियां बना रहे हैं, जिला स्तर पर। ठीक है, बनाएं। लेकिन सारा काम अफसरों पर छोड़ रहे हैं। परन्तु इसमें एक रूरल डिपार्टमेंट है जिसके लिए आप पैसा दे रहे हो। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या यही हमारे ग्राम पंचायत की व्यवस्था है? क्या इस व्यवस्था को लकुवा मार गया है? 1959 में मैं पंचायत समिति का प्रधान था और यह हमारा सौभाग्य था कि पंडित जवाहर लाल नेहरू हमारे नागोर शहर में आये थे और उस समय उन्होंने विकेन्द्रीकरण का दीपक जलाया था, लेकिन अब विकेन्द्रीकरण की बात दिखलाई नहीं देती है। 12-13 वर्ष व्यतीत हो जाते हैं, लेकिन पंचायतों के चुनाव नहीं हो पाते हैं। पहिले जो पंचायत समितियां होती थीं वे एक तरह से मिनिचर असेम्बली की तरह काम करती थीं। वहां पर लोग सवालों का जवाब देने में घबराते थे। अब हालत यह है कि ग्रामों के लिए न सफाई के लिए पैसा दिया जाता है और न ही दूसरे कामों के लिए पैसा दिया जाता है।

जब एग्रिकलचर पर सदन में बहस हो रही थी तो उस वक्त मुझे बोलने का समय नहीं मिला। इस रिपोर्ट में यह कहा गया है कि पंचायतों के चुनाव कराने के बारे में बार-बार कहा गया, लेकिन चुनाव नहीं कराये गये। मेरा कहना यह है कि बार-बार कहने से कोई मतलब नहीं निकलता है। इसके लिए तो एक निश्चित प्रोग्राम बनाया जाना चाहिये और सब जगह पंचायतों का चुनाव कराया जाना चाहिए। हम इस देश में श्री प्रकाश वीर शास्त्री की पार्टी की तरह यूनिटरी सिस्टम नहीं चाहते हैं, हम तो इस देश में फैडरल सिस्टम चाहते हैं। हम यह भी चाहते हैं कि केन्द्र ज्यादा से ज्यादा मजबूत हो। लेकिन साथ ही ग्रामीण स्वराज्य का जो स्वप्न देखा था, वह हमें पूरा करना चाहिये ताकि ग्रामीण

[श्री नत्थी सिंह]

पंचायतें और सहकारी समितियां स्वावलम्बी बन सकें। अगर ये संस्थाएं मजबूत होंगी, तो हम जो बीस सूत्री कार्यक्रम है उसको अच्छी तरह से कार्यान्वित कर सकेंगे और सब समस्याओं का भी मुकाबला कर सकेंगे।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

SHRI VISWANATHA MENON (Kerala) : Sir, I take this opportunity to highlight some of the important projects pending sanction from the Central, Government in my State, that is, Kerala State,

Sir, the Cochin port is considered to be the 'Queen of the Arabian Sea". But, unfortunately, now the present position of the Cochin port is that it is in a very pitiable condition. Sir, in 1970 the proposal to have a super-tanker berth in Cochin was accepted by the Cabinet, but till now it is only a dream. Sir, we hear various rumours that our project for a super-tanker berth is being shelved by the Transport and Shipping Ministry. Sir, it is really not in the interests of that region. I submit, Sir, that the production in the shipyard and the repair work along with production in the shipyard, will be greatly helped if a supertanker berth comes up, because many ships big ships, can come into our shipyard, the Cochin Shipyard. But if the supertanker berth scheme is being shelved, it will naturally affect our shipyard also. Sir, as a long-term policy and with an idea to have national works, my humble submission is that the super-tanker berth in Cochin port must be taken up.

Sir, in this respect, I wanted to draw the attention of the House to the fact that we hear that some Committee has been formed by the Cabinet to go into the question whether a super-tanker berth is essential, because in Bombay High we have found oik Sir, it is a very welcome thing that we have found oil in Bombay High. But even if we concede that, the point that I want to stress is that our super-tanker berth will be useful not only for oil but also for fertilisers and other such things. It will also greatly help the repair work. Sir, I want to draw the attention of the honourable House to the fact that Cochin is the only major port in India which did not have any development programme during the last 15 years or more.

During the 4th and 5th plans, huge plan outlays have been indicated but in actual working it has turned out that only a small fraction of originally indicated figure has been made available mainly because the major portion of initial outlay was for the Super Tanker Oil Terminal Project and the Dry Dock both of which have been indefinitely delayed. The total 4th plan outlay for the port was Rs. 18 crores out of which Rs. 8.73 crores were earmarked for Super Tanker Oil Terminal Project. As the Super Tanker Oil Terminal project did not materialise, naturally the profonnance fell drastically. Again in the 5th plan also the original provision is Rs. 36 crores of which about Rs. 24 crores is shown as earmarked for Super Tanker Oil Terminal Project. If the present organised move in influential quarters to delay this project happens to succeed, the fate of the Fifth Plan may also be better imagined than said. I do not want to criticise the Government at this stage because this question is being examined by a high-powered Cabinet Committee. My humble submission is that it is not only in t! e interest of Cochin or Kerala, but it is in the interest of this nation that this project must be speeded up and the Cochin port must be given its due.

Sir, I also want to speak on other points. I want to speak about our traditional industries. Kerala is a land where we produce cash crops that fetch foreign exchange. Our traditional industries like coir, cashew and handloom are in a deplorable condition. Unfortunately, some kind of controversy has been created between the State Ministry and the Centre Ministry on the question of coir. 1 am not going into the merits of this controversy. But I want to stress that the coir workers in Kerala are really starving. Coir industry is earning crores of rup worth of foreign exchange for the Cen exchequer. Therefore, the industry must be saved. The scheme that was formulated by the Kerala Government has been sanctioned by the Central Government. Now, it is said that the amount has been cut short. Now the Central Government is going to

give only two crores of rupees. That is nothing. It cannot do anything. It should be done in a phased manner and we have given our detailed programme to the Central Government. That programme has got the sanction of all the political parties and all the trade unions in Kerala. Some sort of misunderstanding has been created and some controversy has come up between the Centre and the State. Sir, the interest of the people of Kerala and the coir workers is above all these things. The coir workers are half-starving. Those workers must be saved and the industry must be saved. Sir, my humble submission to the Government through you is that the Coir Workers' Scheme must be accepted in toto. We are not asking for any grant. We are asking for only loan and that loan of 7 crores of rupees must be given to the people of Kerala. On this question, 1 want to stress once more that the interest of the nation is also affected because coir earns foreign exchange. I hope the hon. Minister will be aware as to how much money the Central exchequer is getting from coir. I request the Government through you that the scheme must be accepted. Sir, coming to the other points, I want to draw the attention of this hon. House to the plight of the coconut growers in Kerala. Sir, the name 'Kerala' itself means land of coconuts. Our main agricultural product, coconut, is losing its money value in the market. 1 do not want to elaborate it but my humble suggestion is that this coconut farming must be saved, this agricultural product must be saved. For that purpose, we request a board, a coconut board. Though 1 am speaking only on behalf of Kerala, coconuts have become an important factor in Karnataka, Tamil Nadu, Pondicherry, Gujarat and many parts of the country. So, a coconut board must be established just like the Rubber Board for rehabilitating coconut plantations in this counrry. Some kind of subsidy and help must be given by the Centre. So. on these three points, I request the Government of India that they should come forward and take up the matter seriously and consider it, and have a sympathetic approach towards a backward State like Kerala, which is the southern-most State, and it should not be neglected.

Sir, I do not want to go into any controversial things. All these three projects I have placed before this hon. House are projects taken up or supported by all the political parties in Kerala. So, my humble submission is that it should be one of the grounds, and these projects must be sanctioned.

Coming to the question of rice, Sir, the other day, while replying to the discussion on the Agriculture Ministry, Mr. Jagjivan Ram said that the people of Kerala are now changing their food habits and they are happy to get wheat. Sir, I do not want to say that it is untrue. But to put it like that is not correct. Sir. We are getting only four ounces of rice. So, naturally, we are forced to take wheat. And we are prepared to take wheat. I am not saying that we are not prepared to take wheat. But, why not give us some more rice? Rice is being produced and it is reported in the newspapers that godowns are not available for keeping the foodgrains. So, why don't you give more rice to the people of Kerala? Instead of four ounces, give them 12 ounces of rice. . .

SHRI JAGAN NATH BHARDWAJ (Himachal Pradesh) : He said that it was in addition to the local production. You are getting four ounces...

SHRI VISWANATHA MENON : Sir, my friend has brought up this question of local production. On the question of local production, the difficulty is that we are not producing rice much. Our land is being used for cash crops, and the benefit of the cash crops, by way of foreign exchange, is being taken, by the Centre. Rubber, cardamom, pepper and all these things are produced, and the money is coming to the Centre. . . .

SHRI JAGAN NATH BHARDWAJ : We have all praise for that.

SHRI VISWANATHA MENON : Naturally, I think, you will not ask me to cut out all these and put rice in their place because it is the nation's wealth that we are making. We hear reports that a large quantity of rice is there. So, my humble suggestion is that the ration in Kerala must be raised so that the people of Kerala will have some relief on this particular question.

Then, coming to the last point, Sir, I do not know why such a stand has been taken against the Opposition in Kerala, particularly my Party. The Marxist Party is being attacked here. More than 110 detenus are there under the MISA. What

[Shri Viswanatha Menon] is their crime. I do not know. Now, the hon. Home Minister is present in this House. I take this opportunity to appeal to him that this kind of attack is unwarranted. Most of our leaders are in jail. Most of our Party workers are in jail. We are the biggest opposition party in Kerala just as in other parts of India the Jan Sangh or any other party may be the main opposition party. In Kerala Communist Party Marxist is the main opposition party. This party is not being allowed to hold any meetings or conduct any trade union activity; they are not allowed to move about and they are all kept in jails. *(Time bell rings)* Almost all our top leaders except Mr. E. M.S. Namboodiripad and Mr. A. K. Gopalan have been kept in jails. My humble submission is that it is high time that we stopped curtailing the freedom of the opposition in the name of the emergency in Kerala. I request through you, Sir, that these comrades must be released and normal situation mustbecreated so that we can go for elections because the duration of the present Assembly has been extended by six months. I request that a fresh poll must be conducted in Kerala with full freedom and I request the Home Minister to . take initiative in the matter.

SHRI JAGAN NATH BHARDWAJ : Mr. Deputy Chairman, Sir, I support the Bill under discussion because this contains an estimate of about Rs. 25 thousand crores for meeting the necessary expenditure of the Government for the year 1976-77. I do not have much to say about it except that I fully support this Bill.

I take this opportunity to congratulate) the Prime Minister and through her the Finance Ministry and other concerned Ministries for the economic measures taken by them as a result of which the esteem of our country has gone very high in the eyes of the world. Hon. Members must have seen in the newspapers of yesterday and the day before yesterday that the World Bank has all praise for the progress that we have achieved in the economic field. Domestically alsowehaveagreatsatisfactionbecause j the value of the rupee is increasing. The value of the rupee in March, 1975 was 30 -47 paise and its present value is 34 -91 paise. This means that there is an increase of about 14% in the value of the rupee. In the matter of consumer price index also, it is a source of great satisfaction to almost every one in the country, especially to the weaker sections of the society, to note that our consumer price index figures have gone back to the level of 1974 figures. The consumer price index figure in 1974 was 286 and in 1975 it had gone up tothe.level of 311 or something like that but it is again 286 now. These are the things of which we can be rightly satisfied and proud. As a result of all these things, the foreign agencies are coming forward and thinking in terms of giving us more aid. Even though we do not beg for that they are themselves doing that in their own interest and in our interest too. The Aid India Consortium which has got 19 countries represented on it is thinking in terms of giving more aid to us. These are all matters of which we can be rightly proud and this is a well-deserved appreciation of the work done by our Prime Minister and her Government. Now, Sir, we can sanction this amount of about Rs. 25,000 crores. For us, as Members of Parliament, it is a point to consider as to what should the strategy to spend this amount in thecountry so that there is more and more appreciation for the work done by the Government and there is more and more satisfaction to the people in the country. As far as I think, the strategy should be that our way of spending should be such that there is more and more satisfaction among the people about our way of spending and our wisdom in spending. It is the way of spendingthatmay bringabout restlessness or criticism among the people. For example, if we spend lavishly and unwisely and with a sense of authority, the people do not feel happy. But if we spend with a sense of prudence and keeping in view the pocket of an average man in the country from where we draw our revenue, then the people feel happy, so, we should devise ways and means in our ways of spending so that people feel satisfied and there is praise and there is also a saving.

Then, our strategy should be to see that we do not spend all this amount of Rs. 25,000 crores till the end of the year. Everybody knows that there is a deficit of Rs. 320 crores in our Budget. Our aim should not be to spend each and every penny that is sanctioned by Parliament through this Appropriation Bill. Our strategy should be to try to save as much as possible so

that this gap of Rs. 320 crores is made good , to some extent by the end of the year. There can be extraordinary situations or there may be circumstances when we have to spend more but, generally, our strategy should be to save as much as possible so that this, minus trend in the Budget is made good by the end of the year. In our present system it happens that those in charge of spending, go on spending with the idea that they have to spend the whole amount by the end of the financial year and if that is not spend, they are afraid that they will be taken to task. The result is that they rushtospendjthe money before 31st of March. Sometimes they even prepare cheques for payments in advance and keep themin their safecustody for payment later on so that the amount is shown as having been spentwithinthefinan cial year. If such a fear is removed from their mind and if their efficiency is not i judged by their capacity to spend, Ithink, the situation can improve considerably. We should not insist on their spending the sanctioned amount within the financial year. Therefore, this sort of attitude in spending public money needs rethinking and evision. These are the measurses that require consideration so that people have greater satisfaction. Our strategy should also be *to* see that our way of spending generates more and more employment to the people. If we go on spending without keeping this factor in view, there will be dissatisfaction among the people. Our strategy should be to save as much foreign exchange as possible. I do not say that these are new things. Something is being done in this regard. But we should lay more and more emphasis on these things. Apart from giving emphasis to these things, we should also work in a planned manner.

For example, in the various public undertakings, vast powers of spending have been given to the officers. They feel that there is no check on them. Here, I would suggest that we should do somethingsothat an impression is created in the minds of the officers vested with vast powers of spend ing that there is somebody to check on them. At present, there are so many committees advisory committees, development committees at the district level, grievances committees and so on. I would suggest that there should be only OiJe council at the district level to look after these things in a methodical manner 4—M238 RSS/76

so that there is effective control overspending. If there is a council at the district level, it would be able to minutely supervise the implementation of the various measures initiated by the Government and to see that the implementation is according to the policies laid down by the Government. For example, the public works department incurs expenditure on the development of roads. This council should go through each and every item of such expenditure so that those who are vested with vast powers of spending feel that there is somebody to oversee them. This is a point which should be considered. I am not in favour of having so many com-mittees which would burden the district administration in regard to holding of meetings and so on. 1 feel that there should be a single body at the district level which would be able to look after the implementation of various measures of the Government and keep a watch over the spending. This is a point which concerns all the Ministries, particularly the Finance Ministry.

Another point is about employment generation. This is a part of the planning process and I need not say much on that. Foreign exchange saving is also another important matter which I have mentioned.

I would also say something about the Members of Parliament. Apart from the privileged people, there are also other ordinary people, weaker sections of the society, who come into Parliament. When they retire, they find it very difficult to maintain themselves. I have seen many such persons. This was also mentioned by one of our "friends yesterdsay. So, it appears very reasonable that some sort of pension should be given to Members of Parliament—and I would go to the extent of saying that Members of the State Legislatures also be given some pension—so that they can pass their life after retirement from Parliament without much difficulty. Of course, it will not be a retired life because people who are in public life never retire; they will be doing some public work; they will be doing something to carry on the policies of the Government, whichever party they may belong to. After all, when they get something from the Government, they can surely see to the proper functioning of the Government and a proper order in the society. So, Sir, I think the Finance Minister or whichever Minister is in charge of it should think in

[Shri Jagan Nath Bhardwaj] terms of bringing forward, asearly as possible, a Bill to provide pension for the Members of Parliament.

{Time bell rings)

Sir, 1 would request for two or three minutes more. Sir, I belong to Himachal Pradesh. Yesterday, my friend from Himachal Pradesh spoke and he stated that out of Rs. 500 crores only 10 lakhs have been provided for our State. This is a very poor help to a State which is already poor and - backward. Sir, how can it develop properly if it is not properly helped by the Central Government ? The planners know that something should be done for the backward and hilly areas but the amount of grant given to Himachal Pradesh is very poor, if such be the grants given to poor and backward areas in the country how can they come up to the proper standard ? *(Time bell rings)* Only half a minute more, Sir.

Sir, in our State there is no addition to railway line. After independence, not even a kilometre of railway line has been added in Himachal Pradesh. It is very necessary in the interests of developing the potential and building up the necessary infrastructure in this well-deserving State that the Railway Ministry should provide at least some money. *(Time bell rings)* I require only one minute more, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : No, Mr. Bhardwaj. At this rate we cannot carry on.

SHRI JAGAN NATH BHARDWAJ : There is one important point, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : I am sorry, I am calling the next speaker.

SHRI JAGAN NATH BHARDWAJ : Only one minute.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : I am very sorry because if every Member were to do like this, saying one minute, two minutes and take about five to ten minutes each, then there will be a big list of speakers left out.

SHRI JAGAN NATH BHARDWAJ : All right, Sir. Thank you.

श्री विश्वम्भर नाथ पांडे (नाम-निर्देशित) : माननीय उपसभापति जी, आपने इस विधेयक पर बोलने का मुझे मौका दिया, इसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं। चूंकि, जाहिर है, समय जो आप मुझे देंगे वह कम है इसलिए मैं उन्हीं बातों पर रोशनी डालना चाहूंगा जिन पर और वक्ताओं ने रोशनी नहीं डाली ।

श्रीमन्, आज शहरीकरण की वजह से शहरों की आबादी बढ़ रही है और उसके कारण बहुत सी समस्याएं खड़ी हो रही हैं जिनका मुकाबला आसानी से नहीं किया जा सक रहा है। यद्यपि इस विधेयक में ऐसी तमाम बातें हैं, ऐसे प्राविजंस हैं, प्रावधान किए गए हैं, कि जिनसे उन समस्याओं का पूरी तरह मुकाबला करने की ख्वाहिश दिखायी देती है मगर चूंकि समस्याएं इतनी विशाल हैं, इतनी बड़ी हैं कि वे पकड़ में आना और उन्हें सुलझा सकना मुशकिल मालूम होता है। शहरों की आबादी जिस कदर बढ़ रही है, उसका नतीजा क्या है ? उसका नतीजा यह है कि हर जगह समस्या पैदा हो रही है, पानी की, वाटर सप्लाई की अभी उस दिन इस सदन के सामने एक सवाल पैदा हो रहा था कि गंगा और जमुना के संगम में ऐसा गन्दा पानी सलेज वाटर डाल दिया जाता है, कि जिसकी वजह से संगम का जल विषाक्त हो रहा है।

इत्तिफाक से चूंकि मैं इलाहाबाद म्युनिसिपल कमेटी का चेयरमैन रहा और वहां के म्युनिसिपल कारपोरेशन का मेयर भी रहा और इसी वजह से मैं वहां की दिक्कतों को अच्छी तरह से जानता हूं । सवाल यह है कि जहां यह सलेज वाटर भेजा जाता है जमुना के उस पार, उसको भेजने में दिक्कत पेश आती है। रेलवे वालों ने कह दिया है कि जो रेलवे का जमना ब्रिज है उसमें 43 इंच के दो पाइप लाइन के अलावा वह ज्यादा बोझ बरदाशत् नहीं कर सकता है। परिणाम यह हो रहा है कि अगर जमुना के पार यह सलेज वाटर नहीं जा सकता तो फिर उसे जमुना में डालना पड़ता है। इस सलेज वाटर को डालते वक्त इस इस बात का विशेष तौर से ख्याल रखा

जाता है और उसको इस तरह से ट्रीट किया जाता है कि उसमें कोई दोष न रहे और उसके दोषों को मिटाने के बाद ही इसे जमुना में डाला जाता है।

इलाहाबाद के शहर में तो पानी दिया जाता है जमना में बहुत ऊपर से लाया जाता है जिसकी वजह से इसमें कोई दोष नहीं होता है। जल का जो एनेलैसेस किया जाता है उसके रिजल्ट अच्छे आते हैं और ऐसे रिजल्ट नहीं आते हैं जिससे यह जाहिर हो कि वह पानी दूषित है। मैं जो बात कह रहा हूं वह इसलिए कह रहा हूं कि आज करीब करीब हर बड़े शहर में पानी की दिक्कत होती है चाहे वह अहमदाबाद हो, चाहे बंगलौर हो, चाहे मद्रास हो। इन शहरों में बहुत दूर से पानी लाने की जरुरत होती है। अगर कोशिश यह की जाय कि जो देश के बड़े शहर हैं उनकी आबादी सीमित की जाये बाहर के देश जिन्हें देखने का मुझे अवसर प्राप्त हुआ है उनके सम्बन्ध में मैं अपना अनुभव बतलाऊंगा। जब मैं सोवियत रूस गया था तो मास्को शहर के गर सोवियत चेयरमैन थे, उनसे मैंने पूछा कि आप आबादी को किस तरह से कंटेन करते हैं। उन्होंने जवाब दिया कि हमने सोवियत नगरों की जो नैचुरल ग्रोथ है, उससे अतिरिक्त हम आबादी को बढ़ने नहीं देते हैं। हमने बड़े बड़े शहरों के चारों तरफ सैटलाइट टाउन बना दिये हैं जहां तीन सौ से एक हजार या अधिक मजदूर जहां काम करते हैं ऐसे कारखाने हमने मास्को से हटा दिये हैं। ये सेटेलाईट टाउनशिप बड़े शहरों से 99 किलोमीटर की दूरी पर होते हैं बड़े बड़े शहरों के चारों तरफ इस तरफ से सैटलाइट टाउन बना दिये हैं जहां पर हर प्रकार की सुविधा वहां के रहने वालों को मिलती है। इसका परिणाम यह हुआ कि मास्को शहर की आबादी बढ़ने नहीं पाती और न ही हम उसे बढ़ने ही देते हैं।

श्रीमन्, आज दिल्ली की कैफियत क्या है? आज दिल्ली की कैफियत यह है कि इसकी आबादी बढ़ती ही चली जा रही है। आबादी के बढ़ने के साथ ही साथ हमने इसके बहुत आसपास इंडस्ट्रियल टाउन चाहे वह गाजियाबाद का हो चाहे फरीदाबाद की स्थापना कर दी है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि दिल्ली शहर धीरे धीरे फैलकर इन शहरों के साथ मिल रहा है। इससे स्थिति ऐसी आ सकती है कि बहुत बड़ी समस्याएं हमारे सामने खड़ी हो सकती हैं। मान्यवर, आज इन तमाम समस्याओं को देखते हुए हमें यह भी देखना होता हैं कि जहां आबादी बढ़ती है वहां स्लम भी बढ़ जाते हैं और स्लम्स बढ़ने की वजह से तरह तरह की दिक्कतें पेश आती हैं।

इसमें कोई शक नहीं कि हमारी जो हाउसिंग मिनिस्ट्री है उसने मकान बनाने की एक बहुत बड़ी योजना बनाई है। लेकिन आज हाउसिंग की क्या कैफियत है? आज हाउसिंग की यह कैफियत है कि जहां हम मकान बनाते हैं उनमें सामाजिक लक्ष्य हमारे सामने नहीं रहता है। हमारे सामने यह लक्ष्य रहना चाहिये कि हम इस देश में सोशलिस्टिक पैटर्न का समाज बनाने जा रहे हैं, हम इस देश में एक सोशलिस्टिक सोसायटी कायम करने जा रहे हैं, लेकिन हाउसिंग की जो हमारी पालिसी है, मकानों के जो नक्शे हैं, वे इस सोशलिस्टिक सोसायटी के मुताबिक नहीं बनाये जाते हैं। रूस में जो मकान बनाये जाते हैं या सोशलिस्टिक कंट्रीज में जो मकान बनाये जाते हैं, वहां 60 फ्लैट्स का एक ब्लाक बनाया जाता है। उस ब्लाक में एक मामूली वर्कर भी रहता है, मिल का जनरल मैनेजर और एक स्किल्ड मजदूर भी रहता है। वहां पर लोगों की हैसियत के मुताबिक अलग अलग तरह के मकान नहीं दिये जाते हैं। एक ही ब्लाक के अन्दर किसी मिल का जनरल मैनेजर भी रहता है और एक मामूली मजदूर भी रहता है। अगर जनरल मैनेजर के खानदान में तीन मैम्बर हों तो उसे एक रूम का टैनेमेंट

[श्री विश्वम्भर नाथ पांडे]

मिलता है और अगर किसी मजदूर के परिवार में दस मैम्बर हों तो उसे चार रुम का टैनेमेंट, चार कमरे वाला घर मिलेगा ।

और किराया है फोर परसेन्ट आफ दि पे । वहां कैफियत यह है मजदूर हो या जनरल मैनेजर वह महसूस करता है कि हम एक सम्मिलित परिवार के, एक तरह के लोग हैं, यह नहीं कि पियन छोटी हैसियत का आदमी है और सेक्रेटरी बड़ी हैसियत का आदमी है। यह कैफियत वहां पैदा नहीं हो पाती। हमने तरह तरह के तजुर्बे करके, मकानों के तरह तरह के नमूने बना करके सोसायटी को फाड़ रखा है। उसने इतने मतभेद पैदा कर दिये हैं कि मैं चाहूंगा कि इस पर जल्दी गौर किया जाय और हम चाहते हैं कि हमारी योजनाओं में यह सोशल डिस्टिंग्शन्स पैदा न होने पायें ।

1 P.M.

मान्यवर, यहां लोगों ने जिक्र किया खेती की पैदावार का। लेकिन मैं जिक्र करना चाहता हूं खेती की पैदावार के अलावा उन कोमल फूलों का, बच्चों का जिनको हम तरह तरह की तालीम देते हैं। खेत में तो हम फर्टिलाइजर देते हैं लेकिन इनको जो फर्टिलाइजर हम देते हैं वह तालीम होती है, लेकिन आज जो तालीम दी जा रही है उसने उनके दिमाग को गन्दा कर दिया है। बचपन से उन्हें तालीम दी जाती है इतिहास की, तारीख की, उसमें ऐसी गलत बयानियां भरी रहती हैं जिसकी वजह से उनका दिमाग गन्दा हो जाता है और राष्ट्रीय एकता जैसी चीज यहां कायम नहीं हो पाती । मैं एक छोटी सी मिसाल देना चाहता हूं । छत्रपति शिवाजी के कैरेक्टर को कम्युनल कैरेक्टर कह कर पेश किया जाता है। लेकिन श्रीमन्, शिवाजी का साम्प्रदायिक कैरेक्टर नहीं है। वह राष्ट्रीय चरित्र का महान नेता था। कैफियत यह थी कि छत्रपति शिवाजी के दादा प्रसिद्ध मुस्लिम संत शाह शरफ के बहुत बड़े भक्त थे। उनके दो बेटे हुए। उहोंने बड़े बेटे का नाम शिवाजी के पिता का नाम शाह जी रखा और शिवाजी के चाचा का नाम शरफ जी रखा। शिवाजी के पिता शाह शरफ के आशीर्वाद से पैदा हुए थे जैसा कि उनके नाम से प्रगट होता है। शिवाजी का अंगरक्षक इब्राहीम था। जब वे अफजल खां से लड़ाई करने गए तो इब्राहीम उनका अंगरक्षक बन कर गया। इसी तरह शाहजहां का अंगरक्षक महेशदास था । लेकिन इन बातों को इतिहास में नहीं बताया जाता। शिवाजी का कान्फीडेंशियल सेक्रेटरी शेख हैदर काजी था जो शिवाजी के तमाम रिकार्ड रखता था और जिन पर उसकी मुहर रहती थी । शिवाजी के सैनिकों में, अफसरों में, जल सेना- नायकों में हजारों की तदाद में मुसलमान और दूसरे लोग थे ।

मान्यवर, जरा नज़र दौड़ाइए राणा प्रताप की तरफ। राणा प्रताप के हल्दी घाटी के युद्ध को साम्प्रदायिक लड़ाई कह कर पेश किया जाता है। कैफियत यह है कि मुगल और राजपूतों की संयुक्त सेना के राजा मान सिंह नायक थे और दूसरी तरफ राणा प्रताप की सेना के नायक थे जालौर के ताजखांन और हकीम खां सूर। एक तरफ मुगल सेना अकबर की तरफ और एक तरफ पठान सेना राणा प्रताप की तरफ। हल्दी घाटी के युद्ध में पठान मुगलों को मार रहे थे, मुगल पठानों को मार रहे थे, राजपूत राजपूतों की गर्दन काट रहे थे। क्या किसी अर्थ में उसको धर्म युद्ध, साम्प्रदायिक युद्ध कह सकते हैं ? नहीं। इसी तरह से पूरे इतिहास की विडम्बना यह है कि हमने लोगों के दिमाग, खासकर बच्चों के दिमाग जहर से भर दिए हैं और आज उन्हीं चीजों को दोहराया जाता है। इस तरह से नेशनल इंटीग्रेशन कैसे हो सकेगा ?

अब नये शहरों का निर्माण होता है। पुराने शहरों में जातियों के हिसाब से मुहल्ले बनते थे। मुसलमानों की अलग अलग जातियाँ अलग-अलग मुहल्लों में रहती थीं और हिन्दुओं की अलग अलग जातियां

अलग-अलग मुहल्लों में रहती थीं। नये नगरों के निर्माण में हमें इस बात का ध्यान रखना पड़ेगा कि हम ये तमाम बन्धन तोड़ें, जो जातियों और साम्प्रदायों के वाटर-टाइट कम्पार्टमेंट बना कर शहरों को बांट दिया है वे तमाम हदें खत्म हों। तो हमें नगरों के निर्माण में ऐसी भावना पैदा करनी चाहिए कि अगर हम कहीं प्लाट दें, कहीं अलाटमट करें तो इस बात को देखें कि खाली एक तबके के लोग, एक सम्प्रदाय के लोग, एक जाति के लोग एक जगह स्थायी होकर न रहें।

हमारी जो ब्यूरोक्रेसी है, जो हमारी मशीनरी है वह किसी किस्म की गड़बड़ी न कर सके। मैं समझता हूं कि जब तक इस प्रोग्राम को अच्छी तरह से इम्प्लीमेंट नहीं किया जाएगा तब तक इसमें कामयाबी नहीं मिल सकती है। कई बार ऐसा होता है कि कोई प्रोग्राम अच्छा होता है, लेकिन वह कागज पर ही रह जाता है। रूरल एरियाज में जिस वीकर सैक्शन को और मजदूरों को जमीन दी गई है, उसमें हमें यह देखना होगा कि उन लोगों को इस जमीन का फिजिकल पजैशन मिल गया या नहीं। इस बारे में देश के मुखतलिफ इलाकों से कई बार शिकायतें आती हैं और हम यह भी देखते हैं कि कई बार फीगर्स कोट कर दी जाती हैं जो कि गलत होती हैं। मैं चाहता हूं कि सेंट्रल गवर्नमेंट के पास इस बात की रिपोर्ट आनी चाहिए कि जिन लोगों को जमीन दी गई है उनको उसका फिजिकल पजैशन मिल गया है या नहीं। सिर्फ कागजी कार्यवाही से काम नहीं चलेगा। अगर आप किसी गरीब आदमी को जमीन दे देते हैं, लेकिन उसको अच्छे बीज, नहीं देते हैं, पानी नहीं देते हैं, बैल नहीं देते हैं, इनपुट्स नहीं देते हैं इससे कोई फायदा नहीं होने वाला है। इसलिए आज जरूरत इस बात की है कि इस प्रोग्राम के इम्प्लीमेन्टशन में लोगों को इनवोल्व किया जाए। जब इस देश के अन्दर आजादी का का आन्दोलन चला था तो उस जमाने से महात्मा गांधी जी ने और पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने हमें एक रास्ता दिखाया है। हमें उस रास्ते पर चलना होगा। इसलिए नम्रता से मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि इस प्रोग्राम के इम्प्लीमेंटेशन के लिए हर लेवल पर वाचडौग कमेटी बनाई जाए। जो कानून हमारे रास्ते रोकते हैं उनको हटाया जाए। कोई भी संविधान लोगों की भलाई के लिए बनाया जाता है न कि लोग किसी संविधान के लिए बनाए जाते हैं। इसलिए जो कानून हमारे प्रोग्रामों के इम्प्लीमेंटेशन के रास्ते में आते हैं उनको सुधारा जाना चाहिए। आज हमारे देश में जिन लोगों को सहायता की जरूरत है, जिनको आर्थिक मदद की जरूरत है, उनको यह मदद पहुंचाई जानी चाहिए, आज रूरल ऐरियाज के अन्दर जो खेतिहर मजदूर हैं या जो गरीब लोग हैं उनको ऊपर उठाने की जरूरत है। मैं समझता हूं कि कोई भी कानून इंसान की भलाई के लिए बनाया जाता है न कि इंसान कानून के लिए बनाया जाता है। इसलिए मैं वैलकम करता हूं यह जो कमेटी बनाई गई है इसको, जिस कमेटी रिपोर्ट का सारा देश इंतजार कर रहा है। मैं यह कहूंगा, हमारा संविधान बहुत अच्छा संविधान है, बहुत सुन्दर संविधान है, लेकिन उसमें कुछ एसी खामियां हैं जिन को बदलना होगा या हमको उन चीजों को बदलना होगा जो चीजें कि हमारा रास्ता रोके खड़ी हैं। मैं अदब से कहता हूं, फण्डामेंटल राइट के मामले में अगर आप देखें तो सुप्रीम कोर्ट ने पहले 2 बेंच बनायी थी, जिन दोनों बेंचों ने--चीफ जस्टिस उसके चेयरमैन थे, प्रधान थे--फैसला किया कि फण्डामेंटल राइट को भी बदलने का हक पार्लियामेंट को है, वह पार्लियामेंट जो लोगों की चुनी है, वह पार्लियामेंट जो लोगों की प्रतिनिधि है; वह संविधान को भी बदल सकती है। लेकिन ऐसे हालात इस देश में पैदा किए गए कुछ पार्टियों की तरफ से जो नहीं चाहते थे कि यह देश अपने पाँव पर खड़ा हो, यह देश अपना फैसला खुद कर ले, जो नहीं चाहते थे कि इक्तसादी तरक्की के रास्ते पर सारा हिन्दुस्तान गामजन रहे, जो नहीं चाहते थे कि हिन्दुस्तान में सियासी मज-

बूती नहीं आए, जो नहीं चाहते थे कि हिंदुस्तान एशिया में सिर उठा कर चले—उन्होंने ऐसे सियासी हालात पैदा किए जिनको हम कह सकते हैं अफरा-तफरी के हालात थे और ऐसे ही हालात का सहारा लेकर कुछ जुडीशरी ने ऐसी बातें कीं जिसमें ऐसा लगा कि अमीर और जो बड़े सरमायादार, बड़े जागीरदार थे, उनकी खातिर वे कानून की आड़ लेकर खड़े हो गए, और वह गरीब की हिफाजत के लिए नहीं खड़े हुए। इसलिए मैं अदब के साथ और पूर जोर से कहना चाहूंगा . . .

DR. RAMKRIPAL SINHA : On a point of order. Can the hon. Member criticise the judiciary in this way ?

SHRI SAT PAUL MITTAL : I am within my rights to do so.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI LOKA NATH MISRA) : Kindly wind up. You have taken too much time.

SHRI SAT PAUL MITTAL : I was saying that 1 am within my rights to do that AN HON. MEMBER : You are not criticising.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI LOK-NATH MISRA) : You are not criticising a particular Judge.

श्री सतपाल मित्तल : जो बात आनरेबल मैम्बर कह रहे हैं उससे मैं इत्तिफाक नहीं करता हूं। मैं समझता हूं कि जुडीशरी को क्रिट्रीसाइज करने की बात नहीं है, एक सिस्टम को क्रिटिसाइज करने की बात है, एक ऐसे अनासिर को क्रिटिसाइज करने की बात है जो अनासिर पोलीटिकल मैदान में और हर मैदान में गैंग अप करके हिन्दुस्तान की तरक्की के रास्ते में खड़ा है। इसलिए मैं पूरे जोर से यह बात कहना चाहता हूं कि आज सारा मुल्क इस बात का इन्तजार कर रहा है कि इस कानून को, संविधान को, किस तरीके से बदला जा रहा है बदला जाएगा, जिसकी तरफ सारे हिन्दुस्तान की निगाह लगी हुई है और मैं समझता हूं यह जो महान सदन है, पार्लियामैंट इसकी तरफ हिन्दुस्तान के लोग देख रहे हैं क्योंकि यही पार्लियामेंट है जिसने संविधान को बनाया था और जब-जब लोगों का तकाजा होगा, हम उन तकाजों के मुताबिक संविधान को बदलेंगे। हिन्दुस्तान के लोग सावरेन हैं, उनके हाथ में पूरी शक्ति है, वे अपने नुमाइन्दे बना कर यहां भेजते हैं जो देश की किस्मत का फैसला करते हैं। तो हमारे देश के लोगों की निगाह हम पर लगी हुई है, वे हमसे तवक्को करते हैं हम ऐसे काम करेंगे जिससे हमारे देश के विकास की गाड़ी जल्दी से जल्दी मंजिल तक पहुंचेगी क्योंकि उन्होंने 29 साल इस देश में सब्र किया है, उन्होंने देखा है हमारी करनी और कथनी में अब फर्क होने वाला नही है। हमारे देश की प्रधान मंत्री और संसार की बड़ी नेता प्रधानमंत्री इन्कलाब का परचम लेकर आगे चली है और 20 –सूत्री कार्यक्रम एक ऐसा फरमान है जिसको लेकर हम उस मंजिल तक पहुंचने वाले हैं।

मैं बहुत शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे इस बात का मौका बख्शा कि मैं अपने ख़यालात आपके सामने पेश कर सकूं। जय हिंद।

SHRI F. M. KHAN (Karnataka) : Sir, I welcome this Appropriation Bill and, while welcoming it, I would like to make a few points.

First of all, Sir, some of our Opposition leaders have been criticising the 20-point programme which is totally wrong. I say this because inflation has taken place in the whole world, but not in India, and this has to be highlighted and it has to be highlighted not only in India, but also outside India. It is only the 20-point programme which has stopped the inflation and I think very Indian should be proud of it and this should be highlighted to a very large extent.

[Shri F. M. Khan]

Then, Sir, I would like to touch upon the subject of the MISA. Sir, the MISA has been misused by letting off the black-marketeers who were arrested earlier. I do not know when they were arrested and how they would be let off after a certain period. I would also like to mention here that the blackmarketing and hoarding activities have started again of late.

Then, coming to the question of the compulsory retirement of officers, I would like to say that the corrupt officers have Dot been retired. There are many corrupt officers who have been left out. But some honest officers who have not connived with their superiors have been retired....

DR. RAMKRIPAL SINHA : In which State ?

SHRI NRIPATI RANJAN CHOUDHURY : Please do not interrupt him; he is making his maiden speech.

DR. RAMKRIPAL SINHA : I am not stopping him. I only wanted to know in which State this has happened.

SHRI NRIPATI RANJAN CHOUDHURY : In Karnataka.

SHRI F.M. KHAN : Sir, in this connection, I would like to suggest that some non-official body should be set up which should be made to screen the corrupt officers.

Coming to the question of family planning, I would like to say that last year, in Bihar and Rajasthan, even though the entire money was spent, the results obtained are very poor. Since the results are poor, I would suggest that some inquiries should be made against the concerned officials who were responsible for the implementation of the programme and necessary action should be taken against them. This should be taken note of seriously because money from the public ex-chequer has been spent and the net result has not been good at all.

Regarding the question of fixing a ceiling on urban property, I would say that the issue seems to have been side-tracked a tittle and big buildings are coming up in small areas. When the other sections of the society have been subjected to certain restrictions, the holders of urban property should also be dealt with in the same way since the thinking of the entire country is running on these lines.

Then, Sir, while welcoming the reduction in taxes, I would plead for stricted lcollection of taxes. There is a lot of black money is still with the people and with the little knowledge I have and from the little study that I have made, Sir, I have come to certain conclusions and I feel that there are some drawbacks in the scheme for the disclosure of black money. There is black money of more than ten thousand crores of rupees still with the people. The reason why some people are not prepared to disclose their income is that while the Income tax people would take necessary action, the other authorities who are there to take fo'* low-up action like the Sales-Tax or the Excise or the Customs or the Export-Import authorities do not take prompt action. Now, if the Government is determined to get the black money out, I feel that some chance should be given to these people now so that the money is out. Otherwise, when the emergency is lifted some time later, the black money will come again and play its role and a lot of obstacles would be created in the development of our economy and the black money will flourish as a parallel economy in our country.

Then, Sir, a lot of emphasis iias been put on the question of irrigation and power in the last budget and there are some programmes as far as power is concerned. There are some States which have surplus power and this surplus power could be given to those States which have power shortage. For instance, in Karnataka, there is power shortage to the extent of 33 per cent. But there is extra power in Orissa and Kerala and this extra power could be channelised and diverted to Karnataka instead of being wasted in those States.

As far as my knowledge goes, there is some power which can be spared and this could be utilized wherever shortages are there. A lot of money has been spent or irrigation and power. Food production has gone up. But the marketing has not been thought of by the Government. The prices are now falling even below the levy prices. Until and unless the Government takes it seriously, storage will also spoil a lot of food because the farmers do not have scientific storages. If we further allow them to keep-it they are bound to go and sell their

produce to the middleman at a lesser rate which, again, will be sold at a higher rate in the later stages.

Then, I come to another very important point : the implementation of the programme. Whenever a law is voilaled, pubic is also prosecuted. But one section, that is, the officers who arc the main people to implement, is not touched. The accountability of .the officers is not there. If the policies and programmes which are thought of are not implemented, action should also be taken against them. At present the maximum punishment is transfer from one department to another department and they have the assurance that they are there for 30 years whereas the Members are elected for five years. Therefore, I feel that the accountability should be there, as far as officers are concerned.

Then, in the rural areas, farmer cannot afford to go to the headquarters to fight out petty cases. So I feel that mobile courts lor dealing with petty cases in villages would do a lot of good to the poor people. This would save a lot of time of the poor people . Once litigation is there, it takes a very long is there, it takes a very long time. So, I think, mobile courts should be there. For instance, we have land tribunals formed by non-official bodies as well as official bodies wherein 50-60 cases have been decided in a day. Likewise, mobile courts with some amendments would help the poor people in the rural areas.

Then, I come to rural indebtedness. It is good that it has been taken up as one of the items on the programme. But it has not reached all parts. Much more propaganda work has to be done. Some poor people are not in a position to borrow money from banks or any other agency. There are a lot of poor people who borrow by keeping their utensils or clothes-say ten or fifteen or twenty rupees, which would be adjusted. Here, the Government should think of assisting them through banks or something, otherwise a new class of money lenders will start coming up because there are a lot of difficulties faced by the poor sections of the people.

Then, there is another programme which has been chalked out in this country for so many years. According to the statistics collected by the Government, I do not think there would be any space left for a tree to

be planted. Unfortunately, it has become a total failure. So, 1 feel, tree planting should be taken up. It should be given to the younger people. It has already been taken up as one of the projects under the able leadership of Shri Sanjay Gandhi. This project should be entrusted to the Youth Congress, so that tree-planting would be taken up throughout the country. If the younger people are involved, it is going to be a successful project.

Regarding adult education also, I can say that they have been taking it up very seriously. Now that the Government has already laid down a policy about it, I feel thai it should be channelised through this source.

Sir, I thank you for having given me this opportunity.

वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : मान्यवर, मैं सभी माननीय सदस्यों की अत्यन्त आभारी हूं । शायद 24 या 25 की संख्या में कल आज तक उन्होंने अपने विचार प्रकट किये हैं और अनेक सुझाव उन्होंने दिये हैं । और मेरे लिए संभव नहीं है कि हर सुझाव के लिये मैं यहां उत्तर दे सकू, पर इतना आश्वासन मैं आप के माध्यम से अवश्य देना चाहूंगी कि जितने सुझाव हैं और वह जिन जिन मंत्रालयों से संबंधित हैं उन पर अच्छी तरह से, गंभीरता पूर्वक विचार जरूर किया जायगा और समय आने पर, सारी चीजों में अच्छी तरह से उन को देख कर आवश्यक कार्यवाही की जायगी

मान्यवर, दो दिन से अपने माननी सदस्यों के भाषण सुनते सुनते मन में सा देश की एक झांकी अपने सामने आयी है औ सब का निचोड़ सारांश एक रहा कि गरीब की कराह देश में है, देश में असमानता है औ अपनी पुरानी संस्कृति को सामने रखते ह हमारे भविष्य के जो संस्कार हों उन किस तरह से एक सामंजस्य लाया जा हमारे नवयुवकों की आकांक्षाओं के अनुस अपने देश को हम किस तरह से आगे ले सकें और साथ ही साथ अपने सीमित साध के द्वारा अपने विशाल देश को किस तरह

[श्रीमती सुशीला रोहतगी]

प्रगति के पथ पर शीघ्र से शीघ्र ले जा सकें। इस की एक आकांक्षा सभी के दिलों में है। अभी कल हमारे चन्द्रमणि भाई ने बताया कि आखिर हम चाहते क्या हैं क्या करना चाहते हैं और वह चीज मेरे दिल में बैठ गयी कि हम एक इंसान बनना चाहते हैं। इंसान तो हमेशा से मिट्टी का होता आया है। वह हाड़ का बना हुआ है, पर आज का इंसान कुछ दूसरी तरह का है। पिछला इतिहास हम देखें, विशेष कर भारत के इंसान में एक विशेषता है कि जो हिंसा में विश्वास नहीं करता, अपने पुराने चार, पांच हजार साल पुराने इतिहास और सभ्यता पर हम दृष्टि डालें तो पता चलेगा कि अपनी सारी पुरानी चीजों को लेकर शान्ति के पथ पर चल कर वह एक ऐसी सामाजिक क्रान्ति इस देश में लाया और संसार में भी ऐसी क्रान्ति आयी, जिस में हमारे वज्ञानिकों ने एटामिक ऐज में प्रवेश किया और संसार के देश देश का फासला दूर हो गया, और इस नयी हवा में हमारे देश का इंसान भी आगे बढ़ना चाहता है। लेकिन गरीबी के होते हुए वह कैसे अपने को आगे बढ़ा सकता है और अपनी पुरानी सभ्यता और संस्कृति भी रख सकता है कैसे हवाई किले बना कर उड़ सकता है। वह पंछी की तरह पिंजड़े में बंद है। वह धरती पर भी है और ऊंचे आकाश में भी भ्रमण करना चाहता है। यह सारी चीजें हमारे सामने आयीं। हमारे साथी जो थे, उन के मन में जो कष्ट है, जो आकांक्षा है और अपने सामाजिक ढांचे के अंतर्गत एक लोकतांत्रिक पद्धति को स्वीकार करते हुए किस तरह से हम इन तमाम चीजों को कर सकते हैं, कैसे अपने देश को आगे ले जा सकते ह इसके लिए हर एक माननीय सदस्य के दिल में जो चोट थी, जो कराह थी, जो खालिश थी उस के पीछे मैं जानती हूं कि क्या भावना है। ़मारा जो एप्रोप्रियेशन बिल आया है उस ़ लिये उन्होंने अपना समर्थन दिया है। और उन के जितने विचार हैं वे हम को एक ही राह में ले जा रहे हैं। अपने सीमित साधनों के अनुसार जिस की प्राथमिकता देनी है उसे वह प्राथमिकता देते हुए हम उसी रास्ते पर जा रहे हैं। मान्यवर, अगर संसार का इतिहास देखा जाय, जिस के हम एक अंश हैं तो आप को पता चलेगा कि भारत ने पिछले दो, चार सालों में जो कार्य किया है वह स्वर्णाक्षरों में लिखे जाने के योग्य है। मैं आप के माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित कराना चाहूंगी कि पिछले साल भी हमारा बजट आया था। वर्षा कम हुई थी और अंधकारमय वर्ष हमारे सामने था। हमारी नैया मंझधार में आ गयी थी। चारों तरफ से ऊंची तरंगों में, समुद्र में हमारी नाव कभी कभी इधर टास खाती थी, कभी उधर टास खाती थी। और ऐसे समय में जब कि सारे योरप की इकोनामी डोलड्रम्स में थी, उन की करेंसी टाटर कर रही थी, उन के यहां मंहगाई बढ़ती चली जा रही थी, 32 प्रतिशत महंगाई हमारे यहां भी बढ़ गयी थी और वर्षा न होने के कारण कृषि का उत्पादन कम हो गया था, हमारे कच्चे माल का उत्पादन भी गिर गया था और औद्योगिक अशान्ति फैल रही थी, बहुत से लोगों ने नाजायज लाभ उठाने के लिये चीजों को समेट कर रखना शुरू कर दिया था। दाम बढ़ा दिये गये और एक आर्टि-फिशियल स्कैयरसिटी का वातावरण देश में छाया हुआ था। ऐसे वक्त पर एक ऐसी नेतृत्व ने सारी चीज संभाली न होती तो हो सकता था कि हमारी नैया भंवर में पड़ कर समुद्र में फंस गई होती और भारत का प्रकाश लुप्त हो गया होता और आज भारत हिम्मत के साथ इस तरह खड़ा नहीं हो सकता था।

जैसे पंडित जी ने एक बार कहा था—

Success often comes to those who dare and it seldom goes to the timid.

हिम्मत से, सही नेतृत्व ने जनता के विश्वास पर एक कदम उठाया और भारत की जनता ने

एक होकर, चाहे वह किसान हो उसने अपने खेत पर, चाहे फैक्टरी में काम करने वाला आदमी हो, चाहे सरहद पर हमारे सेनानी हों, सबने जगह जगह देश के प्रहरी बनकर प्रधान मंत्री को अपना सहयोग देकर देश में अच्छा काम किया है। जो लोग सारी इकानामी को, लोकतांत्रिक ढांचे को तहसनहस करना चाहते थे, उन्होंने यही नहीं कि ऊपर से तरह तरह के षडयंत्र रचे, अन्दर से बड़े बड़े डाइनेमाइट करने की भी कोशिश की ताकि लोगों की जान जाये, माल जाये और देश का नक्शा बदल जाए, आज उन लोगों की चीजें कामयाब नहीं हुई और सारे देश में जो एक नक्शा देखा सारे संसार ने देखा कि भारत एक अनोखा देश बन गया है। यहां तक कि वर्ल्ड बैंक ने भी इस बात को सराहा है। यह देश की प्रधान मंत्री, देश के हर एक व्यक्ति चाहे वह महिला हो, वर्कर हो, नौजवान हो सबके कारण ही आज देश में एक नई चीज उत्पन्न हुई है।

आपको याद होगा जब कतारों में बन बन कर हमारी महिलायें जाती थीं राशन की दुकानों पर और उनको लौटा दिया जाता था यह कहकर कि नहीं है, दूसरे दिन आओ। दूसरे दिन लाइन लगाकर जो कुछ सामान मिला तो उसमें क्या क्या मिलता था, बीनने में क्या चीज हाथ में आती थी और क्या चीज हाथ में दी जाती थी। उसके बाद जो तोला जाता था वह तोलकर ठीक नहीं दिया जाता था। बड़े बड़े घरों को वह चीजें पहुंच जाती थीं। पहुंचाने के तरीके हैं, स्वीकार करने के भी तरीके हैं। कभी कभी तो बाल बच्चों को अपनी शिक्षा छोड़कर राशन लेने जाना पड़ता था। एक जमाना था कि लोग मन हुआ तो काम पर गये, मन नहीं हुआ तो काम नहीं करते थे। जिस समय चाहा आफिस में आ जाते थे। वह दिन भी थे जब हमारे विद्यार्थियों को गुमराह करके गलत रास्ते दिखाकर, भड़का भड़काकर शिक्षा से हटाया गया। आज मुझे खुशी है कि सारी चीजें फिर, जैसे शीतल मन्द सुगन्ध पवन के बीच में आकर एक नया रास्ता हमारे सामने आया है, और अपनी अपनी जगह पर बैठकर एक सच्ची, बढ़िया इमारत देश की बन रही है जहां हर एक चीज है। जैसे ताजमहल है, ताजमहल एक इमारत नहीं, उसके पीछे एक ख्वाब है, उसके पीछे एक सपना है, उसके साथ साथ हर एक का सपना है, सब अपनी अपनी जगह पर बैठा हुआ है। आज भारत का नक्शा जो बन रहा है वह एक नया नक्शा है। हमारे पब्लिक सैक्टर इंटरप्राइजेज ने सारी चीजें आज दिखा दी हैं जहां 5 हजार करोड़ रुपये लग गये। यह जरूर है कि उन्होंने काम देर में शुरू किया है लेकिन इतना मजबूत इंफ्रा-स्ट्रक्चर बना है हमारे देश में कि सारे लोग मान गये कि भारत में एक बहुत बड़ी चीज हो गई। हमारे पब्लिक सैक्टर इंटरप्राईजेज का 15 प्रतिशत उत्पादन बढ़ा है और मुझे आशा है कि इसको वह और आगे बढ़ायेंगे। जो एक मनोबल गिरा था, गिराया गया था और मनोबल गिराने के लिए तरह तरह के षडयंत्र देश में और अन्य जगह रचे गये उसके लिए हर तरह से प्रयास किया गया था, आज हर चीज अपनी जगह आ गई और गंगा के जल की तरह साफ होकर वह हमारे सामने निर्मल हो कर आ गई है।

आज देश में एक नया वातावरण आया है और वह वातावरण ऐसा आया है कि लोग देखते हैं तो हैरत होती है। मैं जानती हूं कि सभी लोगों ने इसका स्वागत किया है। मैं थोड़े से आंकड़े आपके समक्ष रखूंगी। सितम्बर 1974 में होल-सैल प्राइस इंडेक्स 335 तक पहुंच गया था, मैं इस समय नहीं कह सकती कि कितना घटा, लेकिन सबको मालूम है चीजों के भाव गिरने शुरू हो गये। आपने देखा कि हमारे देश की नेशनल इन्कम 0.2 परसेन्ट हो गई थी, भारतीय जनता की मेहनत से, इन्दिरा जी के सही नेतृत्व से और कांग्रेस की जो नीति है जिसके आधार पर सदैव चलते आए हैं जनता का विश्वास प्राप्त करके आज

[श्रीमती सुशीला रोहतगी]

5.5 परसेन्ट तक पहुंच गई है । कृषि का प्रोडेक्शन जो 74-75 में घट गया था और 3.1 कम हो गया था आज हमारे खेतिहर किसानों की मेहनत से और गवर्नमेन्ट की स्ट्रेटेजी के कारण बढ़ा इन्द्र भी मुस्कराये । इन्द्र भी मुस्कराये और इन्दिरा जी ने भी संभाला । दोनों ने मिलकर काम किया और 8 परसैन्ट हमारी कृषि में उत्पादन बढ़ा । आज जो आशा की जाती है कि 118 मिलियन टन तक हम पहुंच जाएंगे, वह आशा पूरी हो जाएगी । इसी तरह से इंडस्ट्रीयल प्रोडेक्शन जो घट कर 2.5 हो गया था अब वह बढ़ कर 4.5 हो गया है । हमारे श्रमिक जानते हैं कि देश में मेहनत से और पसीने की एक-एक बूंद को मोती बना कर देश को बढ़ा सकते हैं, आगे ले जा सकते हैं । सबसे बड़ी चीज यह है कि पिछले वर्ष जब हमारा वर्ल्ड ट्रेड 6 परसेन्ट घटा था तब भारत का 7 परसेन्ट बढ़ा है । इस बढ़ौतरी से स्पष्ट संकेत मिलता है कि किस तरह से हमारे देश में उन्नति हुई है ।

तेल के बारे में भी आशा की जाती है कि 1980-81 में 20 मिलियन टन क्रूड हो जाएगा जब कि अब 8 मिलियन टन है । हम देख रहे हैं कि इसके पीछे कोई बहुत बड़ा रहस्य नहीं है या कोई नई जादू की छड़ी हिला दी हो या कोई मंत्र पढ़ दिया हो जिससे दिशा बदल गई हो । इस वक्त भी जब वही लोग हैं, वही इन्सान हैं और वही सारी चीजें हैं तो क्या कारण है कि लोग वक्त से अपने आफिसों में पहुंचने लगे हैं, बच्चे स्कूल टाइम पर पहुंचने लगे हैं, ओवर-टाइम कम हो गया है और देश का उत्पादन बढ़ गया है । हमारे खेतों खलिहानों में, कारखानों में काम शुरू होने लगा है और सारा वातावरण बदल गया है ? मैं केवल यही समझती हूं कि इसके लिये देश में आत्म-विश्वास आया है । देश में जो डायनामिक पालिसी रही है, हमारी प्रोगोमैटिक पालिसी रही है उसी का यह परिणाम रहा है । कोई एक रात में परिणाम नहीं निकल आते हैं । जो हमारा डायनामिक अप्रोच रहा है उसी के कारण ये सब चीजें बदली हैं । इसी के कारण अनुशासन पर्व के रूप में एक नई फिजा आई है । हमारे कच्चे माल की उपलब्धि बढ़ गई है, अब विद्युत की भी कहीं ज्यादा उपलब्धि बढ़ गई है । खाद्यान्न और दूसरी चीजों में भी हमने उन्नति की है ।

हमारी जो एक मंशा है जिसे हम पूरा करना चाहते हैं वह है सोशल जस्टिस । गरीब और अमीर के बीच जो बड़ी खाई है उसको जल्दी से जल्दी दूर करना, क्योंकि आज भी वह उतनी ही है जितनी पहले थी ।

इसके अलावा सबसे बड़ा प्रश्न आज हमारे बीच में यह है कि भारत की आबादी सारे संसार की आबादी की 7 परसैन्ट है । भारत में केवल ढ़ाई परसैन्ट जमीन है सारे संसार की । हमारी पर-कैपिटा इन्कम केवल ड़ेढ़ परसैन्ट है । अगर इसी तरह से आबादी बढ़ती गई और उत्पादन नहीं बढ़ा तो जहां हम आज खड़े हुए हैं वहां पर खड़े रहेंगे बल्कि और पीछे हट जाएंगे । यह हमें ध्यान में रखना होगा कि सामाजिक न्याय, सोशल जस्टिस के आधार पर हमें सारा काम करना होगा ।

यह जो 20 सूत्री कार्यक्रम है यह कोई बहुत नया कार्यक्रम नहीं है । इसमें वहीं चीजें हैं जो कांग्रेस बराबर, सदैव कहती आई है । कांग्रेस इन्हीं के आधार पर अपनी आई-ड्योलीजी, अपने विचारों का देश में प्रचार करती आई है । केवल सही नेतृत्व, हिम्मत, आत्म विश्वास और जन सहयोग पर आधारित है ।

इस वक्त यह देखा जाता है कि 7 लाख गांवों में भारत की 60-65 प्रतिशत जनता रहती है । मैं भी गांव का प्रतिनिधित्व करती हूं । मैं जानती हूं कि 6 बजे शाम को जब रात हो जाती है ज्यादातर गांवों में इतना भी नहीं है कि लोग वहां पर दीया जला सकें । वहां अन्धेरे में ही उनको रहना पड़ता है । जब कभी मैंने कानपुर बितहोर का दौरा किया है

वहां के कुछ गांवों में जहां 6 बजे अन्धेरा हो जाता है वहां लोगों को तेल जलाने तक के लिये नहीं मिलता है और अन्धेरे में ही अपनी रात गुजारनी पड़ती है । यह केवल बाहर का अन्धकार ही नहीं दिल में विवशता उत्पन्न करता है । हमारे देश के अन्दर गांवों में अन्दर जो हमारे भाई-बहिन काम करते हैं, कठोर परिश्रम करते हैं, वे तभी देश की पैदावार बढ़ा सकते हैं जब हम उनकी मदद करें । जैसा अभी हमारे पंजाब के भाई ने कहा कि अगर पंजाब के गांवों के अन्दर लोगों को अच्छा बीज दिया जाय, पानी दिया जाय तो पंजाब पैदावार के मामले में सारे संसार में एक नमूना पेश कर सकता है । पंजाब ने अब तक इस प्रकार का नमूना दिखाया भी है । कई अन्य प्रदेशों में भी काफी काम हुआ है । अगर ऐसा नहीं होता तो हमारा देश आज इतनी तरक्की कैसे करता । इस प्रकार के मौकों पर देश के सामने समस्याएं भी आती हैं । आप जानते हैं कि हमारा एनुअल प्लान 32 परसेन्ट बढ़ाया गया है और विशेषकर चाहे बिजली हो, माइनर एरीगेशन हो, कौल हो या स्टील का सवाल हो, इन सब की तरफ ध्यान दिया गया है । समस्याएं हमारे सामने आती हैं, लेकिन हमें एक लोकतंत्री तरीके से चलना है । बापू के दिखाये मंत्र—अहिंसा—के रास्ते से चलना है, सब को साथ लेकर चलना है । हम तानाशाही के रास्ते को ठीक नहीं मानते हैं । आज जरूरत इस बात की है कि हमारे रास्ते में जो रोड़े आते हैं, जो कठिनाइयां आती हैं उनको हमें दृढ़तापूर्वक हटाना है । हमारी प्रधान मंत्री जी के दृढ़ नेतृत्व में हमारा देश आगे बढ़ रहा है । ससार में शायद ही कोई महिला तो क्या, कोई पुरुष होगा जिसका अपनी जनता पर इतना प्रभाव होगा जितना हमारी प्रधान मंत्री जी का है । क्या कारण है कि जब भी हमारी प्रधान मंत्री कहीं जाती हैं तो लाखों की भीड़ उनको सुनने के लिए इकट्ठी हो जाती है ? दूर दर्शन हो या कोई अन्य कार्यक्रम हो, लोग उनको सुनने के लिए इकट्ठा हो जाते हैं । हमारे देश में इस वक्त जो काम हो रहे हैं उनका फल आने वाले भविष्य में हमें अच्छी प्रकार से दिखाई देगा ।

इस एप्रोप्रिएशन बिल पर बहस के दौरान कई माननीय सदस्यों ने कई कमियों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया है । मान्यवर, मैं कहना चाहती हूं कि कमियां तो रहेंगी । मैं समझती हूं कि जो आदमी काम करेगा तो उसके काम में कमियां रहेंगी । यह मानना बेवकूफी होगी कि हमारे काम में किसी तरह की कोई कमी नहीं है । जो आदमी काम नहीं करेगा तो उसके काम में कमियां कहां से आएंगी हम अपनी कमियों को दूर करना चाहते हैं और जो क्रिटिसिजम होगा उसको सुनकर हम उन कमियों को दूर करेंगे । हमारा रास्ता बहुत लम्बा है ।

We have miles to go.

हमारे रास्ते में जो रोड़े आएंगे, जो कठिनाइयां आएंगी, उनको हमें दूर करना है । हर चुनौती का हमें सामना करना है । हम अपने दिमाग के दरवाजे बन्द नहीं करना चाहते हैं । जिस जनता के बल पर अब तक हमने इतनी तरक्की की है उसी जनता के विश्वास पर हम आगे भी चलना चाहते हैं । इन शब्दों के साथ मैं उन तमाम सदस्यों को धन्यबाद देना चाहती हूं जिन्होंने इस बहस में हिस्सा लिया है ।

हमारे देश को विशेष कर तीन चीजों में विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता था और ये तीन चीजें थी—फर्टिलाइजर, फूड और फ्यूयल लेकिन अब इन चीजों पर देश में ही ध्यान दिया जा रहा है और इसमें काफी सफलता मिली है । हमारे बैलेन्स आफ पेमेन्ट में काफी सुधार हुआ है । इंडस्ट्रीज के अन्दर हम काफी आगे बढ़े हैं । लाइसेंसिंग प्रोसीजर में काफी सुधार किया गया है । इन सब चीजों से आप देखेंगे कि देश के अन्दर एक बहुत बड़ा सोशियो-इकनोमिक ट्रांसफोरमेशन आफ सोसायटी हो रहा है । जनता स्वयं इस बात को समझ रही है । हमारे युवक नेता श्री संजय गांधी जी ने

[श्रीमती सुशीला रोहतगी]

अपना चार पाइन्ट का प्रोग्राम देश के सामने रखा है। अफोरेस्टेशन क्या है ? आप दिल्ली के अन्दर दिन में 2 बजे कहीं चले जाइये तो आपको केवल गर्मी का आभास होगा। लेकिन इस प्रकार से अगर हमारे देश में जंगलातों को काट दिया जाएगा तो डेजर्ट बढ़ते जाएंगे।

अभी हाल में एक वैज्ञानिक रिपोर्ट पढ़ी कि डिजर्ट एरिया बढ़ती चली जा रही है। उस पर रोक लगाने के लिए कम से कम यह अवश्य किया जाए कि नए पेड़ लगाए जाएं। इस प्रकार मान्यवर, अगर हर एक विद्यार्थी यह सोच ले कि हमें देश के हित में पेड़ लगाना चाहिए और ऐसा तो सम्भव नहीं कि पेड़ रात में लगे और सवेरे तैयार हो जाए, इस तरह का अहसास जब तक नहीं हो जाता, उसे यह महसूस नहीं होगा कि अपने भविष्य के निर्माण में, अपने देश को मजबूत बनाने में उसका क्या योगदान है। अगर एक पौधे को वह लगाता है, उस पौधे से प्रेम करता है, तो उस पौधे के निर्माण में वह भी देश का अभिन्न अंग बन जाता है। इसके पीछे एक बड़ी अच्छी फिलासफी है, इससे न केवल कृषि को फायदा होगा बल्कि भौगोलिक दृष्टि से भी फायदा होगा और देश के विकास की ओर एक मनोवैज्ञानिक असर पड़ेगा। तो मैं इसका भी स्वागत करती हूं।

मान्यवर, जो पापुलेशन कट्रोल की बात है, संसार में हर सेकेण्ड में 3 बच्चे का जन्म होता है। हर बच्चा जो पैदा होता है उसके मां-बाप के मन में होता है : हमारा बच्चा राष्ट्रपति बने। तो उसको खाना चाहिए, कपड़ा चाहिए, पढ़ायी की व्यवस्था चाहिए और आगे चल कर उसके लिए नौकरी चाहिए, सारे साधन चाहिएं। तो अगर इसी तरह संसार में पैदाइश होती रही तो हम किस प्रकार से उनको साधन दे सकेंगे ? सरकार की ओर से किसी प्रकार के कंपलशन का कोई सवाल उठा ही नहीं। हो सकता है कुछ लोगों ने इस कार्य को आगे बढ़ाने में कुछ अधिक इन्थुजिआज्म दिखा दिया हो, हो सकता है उनकी मन्शा पूरी नहीं हो रही हो। यह समझने की बात है कि आज अगर हमारा प्रोडक्शन 5 प्रतिशत बढ़ता है और साथ में हम पापुलेशन को कंट्रोल नहीं करते हैं और ढाई या 2 प्रतिशत के आधार पर बढ़ती चली जाती है तो हमारी जरूरतें पूरी नहीं हो सकतीं। तो हो सकता है कुछ लोगों ने इन्थुजिआज्म में आकर कुछ ज्यादा तेजी दिखायी हो। सरकार की ओर से कभी कंपलशन का सवाल नहीं उठा। मान्यवर, यह एक बेसिक प्रश्न है और एक मां के, बहिन के, औरत के रूप में अगर हमीं नहीं समझेंगे तो कैसे देश में प्रगति होगी, कैसे इस देश को आगे ले जाएंगे ? मैं आपके माध्यम से हर एक भाई से यहां कहूंगी कि जब कभी भी हम लोग अपने अपने क्षेत्र में जाते हैं, देश के किसी कोने में जाते हैं, गांव में या शहर में जाते हैं, ऐसे ब्लाक्स में जाते हैं जहां कोई साधन नहीं है, हमारा परम कर्त्तव्य है कि देश की सारी योजनाएं जो हम उनके लिए रख रहे हैं, उसके साथ यह भी देखें कि हमारी भावी पीढ़ी जो पैदा होगी वह पीढ़ी खाने से, पीने से और दूसरी सुख सुविधाओं से वंचित नहीं रहे। यह प्रश्न मैं आपके सामने रखना चाहती हूं।

मान्यवर, इसके साथ एक प्रश्न डावरी का है। यह सही बात है कुछ लोग आली शान तरीके से रहते हैं। हमारा काले धन का 1587 करोड़ रु० कहां से आ गया ? चोरी कर रखी होगी, कर नहीं दिया होगा, छुपा के रखा होगा। बहुत से काम पूजा के नाम पर गलत-सलत किए जाते हैं। मान्यवर, वह रुपया कैसे निकाला यह सब के समक्ष है। मुझे यह कहना है कि अगर सरकार ने सख्ती से, कड़ाई से और बड़ी

हिम्मत के साथ यह काम नहीं किया होता और जनता ने उसमें सहयोग नहीं दिया होता, तो यह बहुत कठिन काम था । विशेष रूप से हमारे जो कर्मचारी लगे हुए हैं इनकम टैक्स के, एक्साइज के, कस्टम के उन्होंने मिलकर तत्परता से काम न किया होता तो शायद इतना रुपया देश के विकास के लिए, डेवलपमेंट के लिए सामने नहीं आता । इसलिए जिन लोगों ने अभी तक एण्टी सोशल काम किया, चाहे बेकार का कंजम्शन करके किया, कांस्पिक्युअस कंजम्शन करके किया उसी से आज हमारे भाइयों के दिमाग में यह बात थी कि हमारे गरीब आदमियों और किसान के कंजम्शन के लिए कुछ नहीं रहा । आज गरीब आदमी को ऋण नहीं मिल रहा है । उसका कारण स्पष्ट है क्योंकि जिन्होंने काला धन कमाया आज वे ही अपने को बचाने के लिए, चोरी छिपाने के लिए चाहे इमारतें बना लेते चाहे विदेशों का चक्कर लगाते, चाहे कुछ और करते । आज उस रुपए की जहां पर खर्च करने की आवश्यकता है, जिस काम के लिए प्राथमिकता दी गई है, जहां पर हमारी आंकाक्षाओं के अनुसार और हमारी नीति के आधार पर उसको इस्तेमाल करना हमारा कर्त्तव्य है, वहां उसका उपयोग होना चाहिए । आज जो बुरी चीज है, जो दिखावटी चीज है, उसमें समाज में परिवर्तन लाने की आवश्यकता हैं, और परिवर्तन और क्रांति मान्यवर, जो आएगी वह कर्मों से बाद में आती है, विचार में पहले आती है । जब विचार पक्का होगा तो वे चीजें आसानी से ढह जाएंगी । इसलिए मेरा साथियों से निवेदन है, मैंने एक दफा रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में पढ़ा था कि हमारा ग्रामीण क्रेडिट है उसमें ज्यादा से ज्यादा ऋण ऐसे होते थे जो कि बेचारा गांव वाला कुछ तो समाज की मर्यादा को निभाने के लिए करता है, जिससे चाहे तो कुंआ बना लेता, उसके लिए लिया था कुछ बैल के लिए ले लिया परन्तु जबान बच्ची है उसकी शादी करनी है, कैसे लोगों को नाक दिखाएंगे खर्च कर देता है, तो वह रुपया प्रोडक्टिव्ह न होकर अनप्रोडक्टिव्ह कामों में चला जाता है । इसलिए ऐसी चीजों को समाज के बीच से हटाकर एक बायकाट करने का वातावरण तैयार किया जाए तो उसमें हिम्मत आएगी । यह हिम्मत देने के लिए जो समाज के नेता हैं, और जो चुन कर आए हैं वे अगर कार्य करेंगे तो गरीबों के मन में भी आएगा कि बड़ा आदमी कर सकता है तो हम भी कर सकते हैं। इसलिए डाबरी के पीछे बड़ी भारी फिलासफी है जिसमें मनोवैज्ञानिक परिवर्तन के माध्यम से बहुत कुछ काम हो सकता है ।

मान्यवर, इसमें अशिक्षा के बारे में तो कुछ कहना नहीं है क्योंकि अशिक्षा और अज्ञानता से बढ़कर और क्या हो सकता है ? जब दुःख सुख आता है तो उस वक्त चेतना कैसे आती है और मन में ढांढस कैसे आता है और आदमी किस चीज को पकड़कर रह सकता है ? हमारे जो बाप-दादा थे, दादा-दादी थी, उन्होंने बी० ए० , एम० ए० नहीं किया था , लेकिन जो सच्चाई है, जो आत्मीयता है, जो सच्ची विद्या है वह पहले हो और यह बहुत जरुरी चीज है और यह सब लोगों को मिलनी चाहिये । ज्वाइन्ट फैमिली में सब लोग, जो अपने से बड़े होते थे, उनसे सीख लेते थे । आज हमने जगह जगह स्कूल फैला दिये हैं, लेकिन जो बेसिक चीज है, जो मौलिक चीज है, जिस चीज से आदमी आदमी बनना सीखता है, आदमी बनकर रहना सीखता है, दूसरों को टौलरेट करना सीखता है, इस तरह की शिक्षा हमें सब लोगों को देनी चाहिये । जाति के नाम पर नहीं, काम के नाम पर नहीं, रुपये के नाम पर नहीं बल्कि आज हमें इंसानियत के नाम पर आदमी को इंसान बनाने की जो शिक्षा है, वह देनी है और यह सारी चीज शिक्षा के लिए आवश्यक है ।

[श्रीमती सुशीला रोहतगी]

मान्यवर, मेरा एक और अनुरोध है और वह यह है कि जहां यूथ कांग्रेस के माध्यम से, यूथ नेता के माध्यम से, आज हम चार बड़ी चीजें कर रहे हैं, वहां उसमें एक और चीज जोड़ दी जानी चाहिये। मेरे ख्याल में यह एक बहुत बड़ी चीज है और उसके पीछे एक बहुत बड़ा मंतव्य है। अभी हमने आर्थिक समीक्षा देखी, हमने बजट देखा, टैक्स प्रपोजल्स देखें, हमने एप्रोप्रिएशन बिल देखा और ये सारी चीजें एक दिशा की ओर जा रही है और वह दिशा यह है कि हम अपनी आर्थिक ग्रोथ को किस तरह से एक्सलरेट करें। हमें अपने आर्थिक कार्यक्रम को शीघ्रता के साथ लेना चाहिये और हमारा जो आर्थिक कार्यक्रम है वह सामाजिक न्याय के आधार पर जा रहा है।

मान्यवर, इसके लिए रुपया चाहिये और जो हमारा बीस सूत्री कार्यक्रम है उसके लिए भी हमें रुपये की आवश्यकता है। आज किसानों की भलाई के लिए हमने रूरल एरिया में हजारों राष्ट्रीयकृत बैंक खोल दिये हैं और कुछ ग्रामीण बैंक भी खुले हैं और खुल रहे हैं। आज हमें गांवों में कोआपरेटिव को मजबूत बनाना है जो केवल ऋण ही न दें बल्कि गांव के किसानों के हर तरह से सहायता भी करें। हमें गांवों में फार्मस सर्विस सोसाइटियां भी बनानी चाहिये। जैसा कि कई भाईयों ने कहा कि इसके लिए इंटिग्रेटेड क्रैडिट हो जिसके द्वारा किसानों को रुपया मिल सके, बीज प्राप्त हो सके, कच्चा माल प्राप्त हो सके और उन्हें सारी शिक्षा देकर माल भी तैयार करवा सकें। उनका जो माल तैयार होता है उसको मार्केटिंग करके उन्हें रुपया भी दिलवा सकें ताकि जो माल वे तैयार करें उससे उन्हें लाभ प्राप्त हो और इस तरह से वे अपने साधन बढ़ा सकें। इन सब चीजों के लिए रुपये की आवश्यकता होती है और रुपया टैक्स के द्वारा भी प्राप्त किया जा सकता है। लेकिन मैं यह निवेदन करना चाहती हूं कि अब एक नया तरीका आ रहा है जिसमें टैक्स लगाने के बजाय ज्यादा रुपया आता है और उसमें इंफैलेशन का भी ज्यादा असर नहीं होता है। हमारे लिए यह जो तरीका है वह बहुत ही सरल तरीका है और वह स्माल सैविंग का है। यह जो लघु बचत कहा जाता है, अल्प बचत कहा जाता है, मैं इसके सम्बन्ध में केवल इतना ही निवेदन करना चाहती हूं कि महाराष्ट्र में कई साल लघु बचत योजना और 9-10 साल लगातार अच्छी चली। उन्होंने देखा कि बगैर किसी प्रकार का टैक्स लगाये विकास कार्यों के लिए एक बहुत अच्छी खासी रकम प्राप्त हो जाती है। पिछले साल उत्तर प्रदेश ने भी इस तरह से करीब 90 करोड़ रुपया इकट्ठा किया अपने विकास कार्यों के लिए। हमारे पश्चिमी बंगाल ने भी यही कार्य किया और वह अपने देश में प्रथम आया। हमारे यहां जो योजना मंत्री बनकर श्री-शंकर घोष आये हैं, वे इसके इंचार्ज थे और उन्होंने ही इतनी बड़ी रकम इकट्ठा की। हमारे देश में जो छोटे छोटे साधन हैं उसके द्वारा हम रुपया जमा कर सकते है। हमारी जो इंवेस्टमैंट हैं वह पहले से सुधरी है और उस इंवेस्टमैंट क्लाइमेंट को और ज्यादा सुधारना है। हमें अपनी कैपिटल फारमेशन को बढ़ाना है। इसके लिए रुपये की आवश्यकता है। हमने कहा कि यह रुपया स्माल सेविंग्स के जरिये आ सकता है। देश का डोमेस्टिक सेविंग का रेट है वे हाल में घटे हैं, लेकिन अब वह चढ़ने शुरू हो गये हैं। मुझे यह कहते खुशी होती है कि जो लघु बचत योजना है उसमें पिछले साल मंहगाई के कारण लोगों ने कम रकम लगाई। लोगों के ऊपर मंहगाई की वजह से जो कष्ट आ गया था उसकी वजह से उन्होंने पोस्ट आफिस से रुपया निकाल लिया था, लेकिन इस साल उसमें अच्छे आसार नजर आ रहे हैं। हमें पूरा

विश्वास है कि स्माल सैविंग्स का जो हमने लक्ष्य रखा है वह पूरा होकर रहेगा और एक्सीड कर जायेगा। इसलिए मेरा अपने साथियों से एक मौलिक अनुरोध है कि आज हमारे देश में दस करोड़ विद्यार्थी हैं। *(Interruptions)* I want to take you into confidence. It is through you that I would like to operate because that is the way to operate. मान्यवर, आज हमारे देश में 10 करोड़ विद्यार्थी हैं, चाहे वे नर्सरी स्कूल के बच्चे हों चाहे यूनिवर्सिटी के लड़के हों। आज इस संचयिका के काम में बहुत से लोग लगे हुए हैं। अगर हर मां बाप देखे कि हरेक बच्चा एक रुपया वालन्टरी रूप से जमा करे तो बहुत बड़ी रकम इकट्ठा हो सकती है। इसके पीछे कोई कम्पलशन नहीं है, केवल अनुरोध है क्योंकि देश के हित में यह चीज है। अगर हर मां बाप हर बच्चा प्रति माह एक रुपया जमा करे ——देश में 40 प्रतिशत ऐसे लोग होंगे जो हर माह नहीं बचा सकते लेकिन ऐसे भी होंगे जो 5 रुपये महीने भी बचा सकते हैं——तो 100 करोड़ रुपये हर साल औसत वालंटरी रूप से इकट्ठा हो सकते हैं। मैं अपने साथियों से अनुरोध करूंगी कि जो चार-सूत्री कार्यक्रम युवकों ने लिया है उसमें छोटी बचत को भी शामिल कर लें। इससे हमारी डोमेस्टिक सैविंग्स बढ़ेंगी जिसका कि नानइन्फेलशनरी करेक्टर होगा।

मैं अपने साथियों को धन्यवाद देती हूं। आज जो चुनौती देश में आई है उसके बारे में किसी साथी ने कल कहा था कि 'स्काई इज क्लियर'। मान्यवर, स्काइ इज क्लियर टु डे। आज देश में एक नई फिजा है। उस फिजा में चुनौती के साथ, हिम्मत के साथ, शालीनता के साथ, आत्मीयता के साथ, सिन्सेरिटी के साथ कांग्रेस का जो प्रोग्राम है, जो बापू ने अहिंसा के माध्यम से हमको दिया था, उसे पंडित जी की दूर-दृष्टि को अपनाते हुए इंदिरा जी के नेतृत्व में युवकों का सहयोग लेकर हर महिला, बुजुर्ग और बच्चे को मिलकर देश के विकास में पंचवर्षीय योजना का जो हमारा सबसे बड़ा यज्ञ चल रहा है उसमें अपना छोटा योगदान करना है। इन शब्दों के साथ मैं आपको और सदन को धन्यवाद देती हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI LOKANATH MISRA) : The suggestion is :

"That the Bill to authorise payment and appropriation of certain sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 1976-77, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration".

The motion was adopted-

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI LOKANATH MISRA) : We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 and 3 *and the Schedule were added to the Bill.*

Clause 1, *the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRIMATI SUSHILA ROHATGI : Sir, I move :

"That the Bill be returned."

The question was proposed.

DR. RAMKRIPAL SINHA (Bihar) i Sir, I want to put forward a suggestion to the Government at this stage, and that is that our financial year should start at another time. In several States like Bihar, Orissa and some other eastern States and some of the Southern States also the rains start in the month of June, When the grants are made to different Ministries, they are not in a position to execute their schemes. They get only one or two months, April and May to work. They have to sit idle for four months during the rainy season and then again they have to sit idle. So it is high time the Government took note of this and changed our financial year. My suggestion is that our financial year should start after October or November so thai we get more time, particularly, for constructive programmes like roads, bridges, buildings, to work for at least 6 or 7 months

[Dr. Ramkripal Sinha] and the working period from March and April which is spent in office work accounting and budgeting, this and that, all these things, should be finished in the rainy season. So I would request the Government to think very deeply in the matter and change our financial year starting it from October or November instead of starting from the month of April.

SHRIMATI SUSHILA ROHATGI : This is a suggestion to the Government.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRl LOKANATH MISRA) : The question is : "That the Bill be returned." *The motion was adopted.* THE VICE-CHAIRMAN (SHRI LOKANATH MISRA) : The House stands adjourned till 11 A. M. tomorrow.

The House then adjourned at five of the clock till eleven of the clock on Wednesday, the 19th May, 1976.